स्थापित 1968

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

₹5

# श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग मासिक पत्रिका

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

अंक 2 ✦ प्रकाशन तिथि : 25 अगस्त 2022 ✦ वर्ष 11 ✦ कुल पृष्ठ 44 ✦ मूल्य ₹5

## शाखा ग्वालियर द्वारा अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की केन्द्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन




## चातुर्मास की शुभकामनायें

TAILOR MADE
**SOLUTIONS**
FOR DIVERSE
**INDUSTRY NEEDS**

# MEI POWER PRIVATE LIMITED

MARSON'S
AGRA, INDIA



25 KVA to 14 MVA
Type Tested as per
**BIS Level 3 & 2 / IEC & IS**



## संस्थापक - स्व. श्री स्वरूप चन्द जी जैन (मारसन्स)

*(19 अगस्त, 1927 - 31 अगस्त, 2016)*

आपका स्नेह, सेवाभाव, समाज की प्रगति की भावना, उच्च विचार एवं
प्रेरणादायक जीवन सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।













**Transformers | EPC Contractor | Renewable Energy Solutions**

**MEI POWER PRIVATE LIMITED**

**Correspondence**: 1/189 Delhi Gate, Civil Lines, **Agra - 282 002 (INDIA)**
Ph: +91 562 2520027, +91 562 2850812
**Works:** Mathura Road, Artoni, **Agra - 282 007 (INDIA)**
Ph: +91 90277 09944, +91 92580 78803
info@marsonselectricals.com www.marsonselectricals.com

9001 14001 MIDEL ENERGY IS LIFE BEE CONSERVE IT EU Directives



**Transformers | EPC Contractor | Renewable Energy Solutions**

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग

# श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

अंक 2 ✦ 25 अगस्त 2022 ✦ वर्ष 11

Email : shripalliwaljain.patrika@gmail.com

मूल्य ₹ 5/-

कुल पृष्ठ : 44

पूर्व प्रकाशन मथुरा से, सम्प्रति जयपुर से प्रकाशित

**महासभा पदाधिकारी**

श्री आर.सी. जैन *( अध्यक्ष )*
*(सेवानिवृत्त आई.ए.एस.)*
एन-19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग,
जयपुर (राज.)-302018
मोबा. : 9414279070, 9829999335
E-mail : rcjainras@gmail.com

श्री राजीव रतन जैन *( महामंत्री )*
301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन,
इन्दौर (म.प्र.)-452001, मोबा.: 9425110204
E-mail : jainrajeevratan@gmail.com

श्री अजीत जैन *( अर्थमंत्री )*
1द39, काला कुंआ हा.बोर्ड, अलवर (राज.)-301002
फोन : 0144-2360115, मोबा.: 9413272178
E-mail : akjain2021@yahoo.in

**पत्रिका प्रबन्ध एवं सम्पादक मण्डल**

डॉ. अनुपम जैन *(परामर्शदाता)*
'ज्ञानछाया', डी-14, सुदामानगर, इन्दौर-452009
फोन : 0731-2797790, मोबा.: 9425053822
E-mail : anupamjain3@rediffmail.com

श्री चन्द्रशेखर जैन *(संयोजक)*
86, मगन विला, श्री विहार कॉलोनी, होटल क्लार्क
आमेर के पीछे, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302018
फोन : 0141-2553272, मोबा.: 9829134926
E-mail : csjain30@yahoo.co.in

श्री प्रकाश चन्द जैन *(सम्पादक)*
78, बैंक कॉलोनी, महेश नगर विस्तार ''बी''
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर-302015
मोबा.: 9828374013
E-mail : pcjain49@gmail.com

श्री पारस जैन गहनौली *(सह-सम्पादक)*
बी-204बी, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302018, मोबा.: 9928715869

श्री महेश चन्द जैन *(अर्थ संयोजक)*
36-सी, कृष्णा विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302015, मोबा.: 9828288830
E-mail : 3466mahesh@gmail.com

## संयोजक की कलम से....


अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के चुनाव शीघ्र ही 18 सितम्बर 2022 को हस्तिनापुर में सम्पन्न होने जा रहे हैं। मतदान हेतु समाज के सभी वर्गों में उत्साह नजर आ रहा है। सबने अपने-अपने पंसदीदा प्रत्याशी का निर्णय अपने मन एवं मस्तिष्क पटल पर कर लिया है और उसी प्रक्रिया के निर्वाहन हेतु मतदान कर अपनी पसन्द के अध्यक्ष, महामंत्री, अर्थमंत्री एवं कार्यकारिणी का निर्वाचन करेंगे, जो आगामी वर्षों में समाज को नेतृत्व प्रदान कर अपनी सोच एवं कार्यशैली से समाज के भविष्य को सवारने का कार्य करेंगे।

साथियों, मतदान की प्रक्रिया से पूर्व प्रत्याशियों को समाज के सम्मुख अपनी योजना को रखने का मौका मिला, वह भी काफी मिला। लेकिन एक बात मैं यहां जरूर उल्लेख करना चाहुंगा कि इस दौरान इतना अधिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला कि कई समर्थकों में भाषा की मर्यादा का बांध भी ढह गया, लोगों ने आने विवेक का इस्तेमाल करना बन्द कर दिया। बहुत से समर्थकों ने अभद्र भाषा का कोटा भी इन चुनाव प्रचार के दौरान पूरा करने का प्रयास किया। गलत बात को भी सही सिद्ध करने के लिए बड़े ही आत्मविश्वास के साथ जूझते रहे। समाज की विडम्बना देखो कि एक दूसरे के पारिवारिक सम्बन्धी होने के पश्चात भी अपनी मर्यादा लांघ कर अन्ध भक्त के रूप में अपने रिश्तेदारों से ही बुरे बनने का कार्य जारी रखा। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म 'वाट्सएप' का जमकर उपयोग किया जा रहा है। चुनाव का परिणाम कुछ भी आये लेकिन मेरी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि महासभा का नेतृत्व समाज को तरक्की की ओर ले जाने वाला मिले, आपस में कटुता की भावना नहीं रहे और समाज हित में जो आवश्यक हो वह कठोर निर्णय लिए जावें। ऐसा नहीं हो कि जल्दीबाजी में लिया गया निर्णय समाज के भविष्य को गर्त में ले जाये।

मैं मतदाताओं से भी निवेदन करना चाहुंगा कि वे अपना मत सही प्रत्याशी को दें जो सभी से मित्रता का भाव रख समाज में एकता कायम रखे और महासभा पर गलत टीका टिप्पणी करने वालों को उचित जवाब दे सके। भगवान महावीर के नाम पर बंटने के बजाय एक होने का कार्य करे। ऐसी प्रभु से कामना है। मेरे शब्दों या लेखनी से किसी भी सामाजिक बन्धु को ठेस पहुंची हो तो दसलक्षण महापर्व के अवसर पर क्षमाप्रार्थी हूँ। जैन धर्म में क्षमा के महत्व को सर्वोपरि माना गया है, एक बार पुनः 'मिच्छामि दुक्कडम'

*-चन्द्रशेखर जैन*

पत्रिका में प्रकाशित लेख एवं विचारों से सम्पादक मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
यह लेखकों के निजी विचार माने जाने चाहिये।


TRAFO
Power & Electricals Pvt. Ltd.
TRAFO POWER & ELECTRICALS PVT. LTD.
AN ISO 9001:2008 COMPANY
PRODUCTS
-POWER & DISTRIBUTION TRANSFORMERS
-PRESSED STEEL RADIATORS
-SPECIAL PURPOSE TRANSFORMERS
-PACKAGE SUBSTATION
CONTACT
Trafo Power & Electricals Pvt. Ltd.
C-20 Site-C U.P.S.I.D.C., Industrial Area, Sikandra,
Agra, Uttar Pradesh - 282007, India
Phone No : +91-562-3290391
Fax : +91-562-2640388
E-mail : info@trafo.co.in

# ग्वालियर में दिनांक 31.07.2022 को आयोजित अ.भा.प. जैन महासभा कार्यकारिणी की बैठक का कार्यवाही विवरण

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की कार्यकारिणी की बैठक दि. 31.07.2022 को अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन की अध्यक्षता में शाह इम्परीयल होटल, ग्वालियर में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य/पदाधिकारी एवं विशिष्ठ अतिथियों सहित लगभग 125 सदस्य सम्मलित हुए। बैठक का प्रारम्भ कु. मानवी जैन के स्वागतगान एवं मंगलाचरण से हुआ। उसके उपरान्त ग्वालियर शाखा द्वारा महासभा के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं विशेष आंमत्रित सदस्यों का तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर बारी-बारी से स्वागत किया गया। इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक का विधिवत प्रारम्भ किया गया।

**1. गत बैठक का पठन एवं अनुमोदन**- महामंत्री द्वारा मुम्बई में आयोजित विगत बैठक दिनांक 10.04.2022 के कार्यवाही विवरण का पठन किया गया। जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**श्री पारस चन्द जैन ( खेरली ), जयपुर** द्वारा बोलने की अनुमति मिलने के बाद बताया कि जयपुर की भूमि का प्रकरण विगत एक वर्ष से चल रहा है। पत्रिका में श्री अनिल जैन बी.एस.एन.एल.,जयपुर के विवादित लेख के प्रकाशन के उपरान्त यह प्रकरण शुरू हुआ। मेरा लेख पत्रिका में प्रकाशित नहीं किया गया। श्री पारस जी ने बताया कि जब यह भूमि की प्रक्रिया चल रही थी तब मैं जयपुर शाखा का मंत्री था तथा जमीन समिति का संयोजक था। एम.ओ.यू. में परिवर्तन मेरे द्वारा समाज हित में किये गये, तथा कार्यकारिणी के अनुमति से किये गये, चाहे तो कार्यवाही विवरण देख लेवें। एम.ओ.यू. की समस्त शर्तो का पालन नहीं हो पाया तथा वांछित प्लॉट क्रय नहीं किये जा सके। 02 सितम्बर 2018 को जयपुर शाखा के चुनाव हो गये तथा नई कार्यकारिणी का गठन हो गया, समस्त रिकॉर्ड मेरे द्वारा नई कार्यकारिणी को दे दिया गया। लगभग 7 प्लॉट का भुगतान बिल्डर को करना था। प्लॉट बुककर्ताओं ने भुगतान देने से मना करा दिया। बिल्डर द्वारा भुगतान न मिलने से संस्थानिक पट्टा देने से मना कर दिया। जैसे-तैसे बिल्डर से 4000 गज जमीन की गिफ्ट डीड ली गई। प्रकरण में दोनों कमेटी द्वारा जो रिपोर्ट दी, वह गलत है। इस संबंध में जयपुर शाखा ने महासभा को पत्र लिखे हैं, उन्हे पत्रिका में छपवा देवें। शाखा स्तर पर इस प्रकरण की जांच करवाई जा रही है।

**महामंत्री** ने बताया कि कोरोना काल में वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें तय हुआ था कि पारस जी यदि बिल्डर से लीगल नोटिस वापिस दिलवा देते हैं, तो प्रकरण को समाजिक स्तर पर निपटाया जायेगा। लेकिन बिल्डर द्वारा लीगल नोटिस वापिस नहीं लिया गया, इसलिये सेवानिवृत्त न्यायायिक अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया, उनकी रिपोर्ट आने के बाद महासभा द्वारा अपने स्तर पर एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। दोनों जांच रिपोर्ट कार्यकारिणी के समक्ष पूर्व में रख दी गई हैं। यह प्रकरण केवल जयपुर शाखा का नहीं है, महासभा का है। इसकी रजिस्ट्री में पेनकार्ड एवं महासभा का रजिस्ट्रेशन नम्बर का उपयोग किया गया है, इसमें भूखण्ड जयपुर के बाहर के सदस्यों द्वारा भी लिये गये हैं। साथ ही शाखाओं के आय-व्यय महासभा के लेखों में सम्मलित होते हैं, एवं आयकर विवरणी में भी जाते हैं। अत: यह प्रकरण महासभा का प्रकरण है।

**श्री विनोद जैन दिल्ली**- आज की आपात बैठक चुनाव के गंभीर मुद्दे पर बुलाई गई है, अत: उस पर चर्चा की जावे, इस प्रकरण के लिए अलग से बैठक आयोजित कर लें, अब इस पर चर्चा नहीं करे।

**श्री महावीर जैन दिल्ली**- यह समाज का माामला है, अतिमहत्वपूर्ण है, इसके लिए बहुत समय चाहिए। फिलहाल चुनाव आवश्यक है, अत: इस पर चर्चा शुरू करावें।

**मतदान दिनांक पर चर्चा**- महामंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि जब से चुनाव की घोषणा की गई, तब से विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में चर्चा शुरू कर दी गई कि महामंत्री द्वारा विधान का पालन नहीं किया गया। मैनें विधान की अवहेलना नहीं की है। नागपुर नामांकन कराने का विरोध किया गया, चुनाव का बहिष्कार करने की बातें भी कही गईं, वहीं विरोध करने वाले नागपुर गये तथा नागपुर शाखा की व्यवस्थाओं की सभी ने प्रंशसा की। महामंत्री ने बताया कि नागपुर नामांकन का कार्यक्रम नागपुर शाखा के अनुरोध पर

ही रखा गया था। हस्तिनापुर चुनाव इसलिए रखे गये कि किसी भी शाखा का चुनाव कराने का प्रस्ताव नहीं आया था तथा मिढाकुर की बैठक में मेरे द्वारा स्पष्ट कहा गया था कि यदि कोई शाखा चुनाव करवाने के लिए तैयार नहीं होती है तो चुनाव किसी तीर्थ स्थल पर करवाये जायेंगे तथा जहां कोई शाखा नहीं हो। यह भी प्रश्न उठाया गया कि महुआ शाखा का प्रस्ताव क्यों स्वीकार नहीं किया गया। महुआ शाखा में पिछले 10 वर्षों से चुनाव नहीं हुए है। महुआ शाखा का आज दिनांक तक कोई पत्र हमें प्राप्त नहीं हुआ है। महासभा के पदाधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत पत्र लिखे गये, हमें प्राप्त होने से पहले ही उन्हे सार्वजनिक कर दिया गया जो कि उचित नहीं है, इससे गोपनीयता भंग होती है।

**महामंत्री** द्वारा बताया गया कि आगरा न्यायालय से एक समन मिला है जिसमें 25.08.2022 तक नकल प्राप्त करने एवं 01.09.22 तक जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

**श्री विनोद जैन दिल्ली**- नोटिस जो मिला है उसमें क्या है, उससे पहले चुनाव नहीं कराये जावें।

**श्री सुमत प्रकाश जैन, पूर्व अध्यक्ष**- आपके पास नोटिस आया है, तो यदि चुनाव करा लिये और कोर्ट द्वारा निरस्त कर दिये गये तो स्थिति और भी हास्यापद हो जावेगी। अत: जब तक प्रकरण कोर्ट में है, चुनाव नहीं कराये जावें।

**श्री महावीर प्रसाद जैन, जौरा**- कोर्ट से नोटिस प्राप्त हुआ है, कोर्ट द्वारा चुनाव पर स्टे नहीं दिया गया है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है, अत: चुनाव करा लिये जावें।

**श्री सतीश जैन, पालम**- अभी चुनाव कराया जाना उचित नहीं है, पहले नोटिस का जबाब दिया जावे, उसके बाद ही चुनाव कराये जावे।

**श्री महावीर जैन दिल्ली**- बहुत से लोगों द्वारा कहा गया कि नागपुर एवं हस्तिनापुर में परिवर्तन कर लें, लेकिन आप द्वारा परिवर्तन नहीं किया गया, आप अपनी जगह सही थे। यदि प्रशासन से मंजूरी पूर्व में ही ले ली जाती तो आज यह स्थिति नहीं होती। अर्थमंत्री द्वारा भी फण्ड जारी नहीं किये गये, धन की वजह से चुनाव को स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। अर्थमंत्री से निवेदन है कि वे फण्ड जारी करें।

**श्री अशोक जैन, झांसी**- सबसे पहले हमको नोटिस का जबाब प्रस्तुत करना होगा, जब तक हमें कोर्ट से अनुमति नहीं मिले चुनाव नहीं कराये जाने चाहिए।

**श्री भागचन्द जैन, नौगावां**- किस कोर्ट से नोटिस आया तथा किस व्यक्ति का नाम लिखा है, यह अवगत कराया जावे। पहले कोर्ट की अनुमति ली जावे उसके बाद ही चुनाव कराये जावे।

**महामंत्री** द्वारा बताया गया कि आगरा कोर्ट से नोटिस आया है तथा आगरा के श्री राहुल जैन द्वारा कोर्ट में याचिका प्रस्तुत की गई। श्री राहुल जैन वर्तमान में आगरा शाखा के मंत्री हैं।

**श्री जितेन्द्र जैन पूर्व महामंत्री, आगरा**- जो नोटिस आया है उसमें चुनाव को कहीं पर भी स्टे नहीं किया। केस की एक प्रति अनौपचारिक रूप से मैंने प्राप्त की है। मैंने श्री राहुल जैन से बात की है, हमें उन्हें समझाकर केस वापिस लेने के लिए राजी करने के प्रयास करेंगे। आप अपना कार्यक्रम आगे चलायें।

**श्री आर.सी. जैन अध्यक्ष**- यदि वो केस वापिस ले लेंगे तो ही आगे बढ़ें। केस के चलते हुए, चुनाव कराया जाना सही नहीं है।

**श्री मुकेश चन्द जैन ( खेडली ), जयपुर**- श्री राहुल जी सदन में नहीं है, यदि वो मेल पर केस वापिस के लिये लिख कर दे देवें तो ही चुनाव कराये जावें तथा चुनाव के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जावे जैसे- भोजन समिति, आवास व्यवस्था समिति आदि, जिससे चुनाव की प्रक्रिया सुचारू रूप से हो सके।

**श्री कमल चन्द जैन, खोह**- अगर राहुल जी लिखित में केस वापिस ले लेवें तो ही मतदान की तिथि तय की जावे, अन्यथा नहीं।

**श्री भागचन्द जैन, जयपुर**- पूर्व में एक बार चुनाव स्थगित हो चुके हैं, तथा अब जो भी तिथि तय की जावे सोच समझ कर की जावे, चुनाव शीघ्रताशीघ्र कराये जावें।

**श्री विमल जैन, आगरा**- कोर्ट केस का प्रकरण जब हमारे संज्ञान में आया तो हमने राहुल जी बात की है, यह कोई गंभीर मुद्दा नहीं है। राहुल जी केस वापिस ले लेंगे।

**श्रीमती सुनिता जैन, भरतपुर**- चुनाव शीघ्र कराये जावें। राहुल जी से बात करके केस वापिस करवाया जावे। इस मामले को शीघ्र निपटाया जावे।

**श्री निर्मल जैन अलमारी, आगरा**- आप के पास विरोध में कितने पत्र आये। इसकी जानकारी दें। जो व्यक्ति विरोध कर रहा है वह नागपुर जाकर, आगरा को शर्मसार कर रहा है।

**महामंत्री**- अलवर शाखा व जयपुर के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा ज्ञापन अध्यक्ष महोदय को दिया गया, आगरा शाखा का पत्र मेरे पास आया था कुल तीन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसमें से

जयपुर के वरिष्ठ सदस्य एवं अलवर शाखा को अध्यक्ष महोदय द्वारा जबाब दे दिया गया था एवं जबाब पत्रिका में भी प्रकाशित किया गया।

**श्री जितेन्द्र जैन, पूर्व महामंत्री**– आप ऐसा कोई शब्द नहीं कहें जिससे नोटिस वापिस करने में परेशानी आये, आगरा को कोई शर्मसार नहीं किया है, हर आदमी को अधिकार है, वह अपनी-अपनी बात कह सके, वह शाखा मंत्री है, उसने उचित समझा उसे करना चाहिए तो उसने किया। उसने अपने पॉईंट दिये हैं, अगर उसको जानकारी लगेगी कि मेरे बारे में ऐसा कहा है तो वह केस वापस ही नहीं लेंगे, समाज में रहकर मामले को सुलटाने का प्रयास करना चाहिए आप शब्दों का चयन कार्यकारिणी के अनुसार करें, अगर शर्मसार की बात आ रही है तो शर्मसार वो लोग कर रहे हैं, जो महासंघ वाले लोग महासभा के लिए ऐसे शब्द बोल रहे हैं, जिनका महासभा से कोई संबंध नहीं है। हमारे यहां दिगम्बर, श्वेताम्बर, तेरापंथ, बीसपंथ, स्थानकवासी आमनायों का कोई भेद नहीं है। हमारी संस्था सामाजिक संस्था है, महासंघ की पत्रिका में जो लेख निकला है जो इतना शर्मसार करने वाला है उनके ऊपर निन्दा प्रस्ताव पारित करना चाहिए, उनको लीगल नोटिस देना चाहिए कि आपने यह कैसे कह दिया है। किसी भी संस्था की तुलना दूसरी संस्था से नहीं की जा सकती, आप अपनी संस्था को खूब अच्छा काम करे, हमारी शुभ कामनाऐं हैं। हम क्या कर रहे हैं, आप हमारे घर को न देखें, हमारी 10000 सदस्यों की संस्था है और आप की 500-1000 सदस्यों की संस्था है, हमारी संस्था राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व करती है, आपकी संस्था सिर्फ राजस्थान तक ही सीमित है, आपकी संस्था में केवल एक ही आमना के लोग हैं और यह संस्था पूरे जैन समाज के हर पंथ, हर सम्प्रदाय का नेतृत्व करती है। निम्नानुसार सर्वसम्मति से **निन्दा प्रस्ताव प्रस्ताव पारित किया गया**–

**'सदन लेख है जोकि- श्री जैन श्वेताम्बर पल्लीवाल महासंघ के मुख पत्र श्वेताम्बर पल्लीवाल जैन संदेश के सम्पादकीय में अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा पर अकर्मण्य, गुटबाजी और झगड़ालु जैसे शब्दों का आक्षेप लगाया गया है जोकि बहुत ही निन्दनीय है। अत: सदन श्वेताम्बर पल्लीवाल जैन संदेश एवं सम्पादक श्री वीरेन्द्र जैन कर्मयोगी के प्रति निन्दा प्रस्ताव पारित करता है और महासभा को निर्देशित करता है कि सम्पादक पर विधिसम्मत कार्यवाही करे।'**

**श्री विनोद जैन दिल्ली**– हस्तिनापुर पुलिस थाना से जो पत्र आया है, जोकि वाट्सएप पर वायरल हुआ है, उसके अनुसार 20.08.2022 तक चुनाव कराया जाना संभव नहीं है।

**श्री राजेन्द्र प्रसाद जैन, जयपुर शाखा अध्यक्ष**– चुनाव प्रक्रिया में हमसे कहीं चूक हुई है, हमने पहले प्रशासन की अनुमति नहीं ली, जिससे चुनाव स्थगित करने पड़े। अब सोच समझ कर ही तिथि तय की जावे, तथा पहले प्रशासन की अनुमति ली जावे।

**श्री त्रिलोक चन्द जैन, अलवर**– मैं अध्यक्ष पद का प्रत्याशी हूं। हालांकि चुनाव की तिथि का निर्णय कार्यकारिणी को करना है। मेरा कार्यकारिणी से निवेदन है कि चुनाव शीघ्रताशीघ्र करवाने का निर्णय करावें।

इसी दौरान श्री जितेन्द्र जैन, आगरा द्वारा श्री राहुल जैन, आगरा से मोबाईल पर बात की गई। श्री राहुल जैन का फोन स्पीकर पर कर सदन को सुनाया गया, श्री राहुल जैन ने कोर्ट केस वापिस लेने की सहमति दे दी।

**श्री आर.सी. जैन अध्यक्ष**– हस्तिनापुर चुनाव कराये जाने पर बहुत आपत्तियां थीं, आज भी यदि कोई शाखा चुनाव कराना चाहे, तो अपने प्रस्ताव सदन में दे देवें।

**श्री जितेन्द्र जैन पूर्व महामंत्री**– आज चुनाव प्रणाली बहुत खर्चीली हो गई। महासभा के विधान में पूर्व में एक धारा थी जिसके अनुसार प्रतिनिधि रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाता था जिससे कुछ राशि एकत्रित हो जाती थी तथा उसी से चुनाव का खर्चा हो जाता था। वर्तमान विधान में उस धारा को हटा दिया गया है। वर्तमान विधान की धारा 19(14)के अनुसार कार्यकारिणी को विशेषाधिकार प्राप्त है अत: प्रतिनिधी रजिस्ट्रेशन शुल्क रु. 200/- प्रति व्यक्ति लिया जावे, जिससे 8-10 लाख रुपये एकत्रित हो जायेंगे तथा चुनाव के खर्चे के लिए व्यवस्था हो जावेगी।

महामंत्री ने बताया कि 4000 लोगों के रजिस्ट्रेशन में बहुत समय लगेगा जोकि चुनाव के दिन महासभा के स्तर पर कठिन कार्य है। अत: जो भी मतदाता आते हैं उनका रजिस्ट्रेशन शाखा स्तर पर हो जाए तथा शाखाऐं रजिस्ट्रेशन कर राशि महासभा को भेज देवें, तो ही यह कार्य संभव है।

**श्री संजीव जैन आगरा ग्रामीण**– वर्तमान स्थिति में यह प्रावधान उचित नहीं है, इसका भी भार परोक्ष रूप से प्रत्याशियों पर ही हो जावेगा।

**श्री भागचन्द जैन, नोगांवा**– चुनाव की तिथि आज ही तय की जावे, तथा जल्दी से जल्दी चुनाव कराये जावें।

**श्री महावीर जैन, दिल्ली**– चुनाव पूर्व के अनुसार ही

कराये जावे। धन कोई मायने नहीं रखता है। हमारे समाज में बहुत सारे दानदाता हैं, उनसे धन की व्यवस्था की जा सकती है। मैं चुनाव के लिए रु. 21,000/- देने की घोषणा करता हूं। इसी प्रकार राशि एकत्रित की जा सकती है। अब हमें पुरानी बातों को भूल कर चुनाव के लिये तैयार हो जाना चाहिए।

**श्री पंकज जी जैन मिढाकुर**- अब कोर्ट केस वापिस लेने की सहमति हो गई है, इसलिये चुनाव की तिथि आज ही तय कर ली जावे।

**श्री वी.के. जैन, अध्यक्ष अलवर शाखा**- चुनाव की तिथि 14 अगस्त रख ली जावे।

**श्री संजय जैन सहमंत्री, जयपुर**- 12 अगस्त को राखी है, तथा 13 अगस्त से जैन समाज का सबसे पवित्र माह भादवा प्रारम्भ हो जावेगा। अतः भादवा में चुनाव कराया जाना उचित नहीं है। 11 सितम्बर को भादवा समाप्त हो जायेगा, अतः उससे अगले रविवार 18 सितम्बर, 2022 अथवा 25 सितम्बर, 2022 को मतदान की तिथी रखी जावे।

**श्री त्रिलोक चन्द जैन, अलवर**- चुनाव जल्दी से जल्दी करवाये जावें, तिथि 7, 14, अथवा 21 अगस्त रख ली जावे।

**महामंत्री** ने बताया कि चुनाव 7 व 14 अगस्त को सदन चाहे तो करवा लेवे। लेकिन व्यवस्था पर भी विचार करें, इतनी जल्दी व्यवस्थायें होना कठिन है, अभी समिति बना दी जावे, तथा समिति समस्त व्यवस्थायें कराये। वैसे भी 13 अगस्त से भादवा लग रहा है, भादवा माह में चुनाव कराया जाना उचित नहीं है।

**श्री विवेक जैन, ग्वालियर शाखा**- ग्वालियर शाखा में आज तक चुनाव नहीं हुए है। हम चाहते हैं कि आज की मीटिंग ग्वालियर में है, तो महासभा के चुनाव भी निर्विरोध हो जाये। आज तीनों पदो के सभी प्रत्याशी सदन में मौजूद है, इनके नाम की पर्ची निकाल कर चुनाव करवा लिये जावें।

**श्री चंचल जैन अलवर**- पढवा ढोक के 15 दिवस बाद ही चुनाव कराये जावें। उससे पहले चुनाव नहीं कराये जावें।

**श्री जितेन्द्र जैन पूर्व महामंत्री आगरा**- भादवा माह में चुनाव कराया जाना उचित नहीं है। तीनों पदों के सभी प्रत्याशी सदन में हैं, वे चाहें तो सहमति बना सकते हैं। हमारे समाज में तो मंदिरों में बोली की व्यवस्था भी है, अथवा पर्ची निकाल कर या सभी प्रत्याशी एक साथ बैठकर सहमति बना लें, तो अच्छा संदेश जायेगा।

**श्री महेश जैन, झोटवाडा, जयपुर**- चुनाव 18 सितम्बर को करवाये जावें, 25 सितम्बर से सम्भवतः नवरात्रा प्रारम्भ हो जायेंगे।

बाद विचार-विमर्श तय हुआ कि चुनाव प्राथमिकता के आधार पर 18 सितम्बर, 2022 को कराये जावें यदि हस्तिनापुर में 18 सितम्बर को कोई व्यवस्था संबंधी रूकावट हो तो 25 सितम्बर, 2022 को कराये जावें।

**श्री महावीर प्रसाद जैन, जौरा**- हस्तिनापुर के स्थान पर यदि महासभा खर्चे की व्यवस्था करे तो जौरा, मुरैना, ग्वालियर शाखा मिलकर सोनागिरि जी में चुनाव करा सकते हैं। महासभा हस्तिनापुर में चुनाव करा रही है, तो सोनागिरि जी में करा सकती है।

**महामंत्री**- यदि कोई भी शाखा सारी जिम्मेदारी लेगी तो ही चुनाव उसके अनुसार कराये जावेंगे अथवा चुनाव हस्तिनापुर में ही होंगे।

**श्री वी.के. जैन अध्यक्ष अलवर शाखा**- अलवर शाखा द्वारा तीन-चार माह पहले महासभा के चुनाव के लिए प्रस्ताव रखा गया था। यदि चुनाव 14 अगस्त को कराये जाते हैं तो अलवर शाखा चुनाव कराने के लिये तैयार है।

**महामंत्री**- चुनाव की तिथी 18 सितम्बर या 25 सितम्बर तय हो चुकी है। उससे पूर्व चुनाव संभव नहीं है।

**श्री पवन जैन ग्वालियर**- हमें दो दिन का समय दिया जावे, ग्वालियर शाखा विचार-विमर्श कर जबाब दे देगी। यदि महासभा सहयोग करे तो हम चुनाव कराने को तैयार है।

**श्री ओम प्रकाश जैन शाखा अध्यक्ष ग्वालियर**- अभी जो ग्वालियर शाखा का प्रस्ताव दिया गया है, वो बिना अध्यक्ष की सहमति से दिया गया है, अतः इस प्रस्ताव को निरस्त किया जावे।

**श्री अजीत जैन अर्थमंत्री**- ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि महामंत्री द्वारा पूर्व में चुनाव की तिथि एवं स्थान तय किये, मुझे एक बार भी नहीं पूछा गया, मैं भी निर्वाचित पदाधिकारी हूं। पिछले चार माह से आज तक मुझसे कोई संवाद नहीं है। मेरे द्वारा फण्ड रिलीज इसलिये नहीं किया गया कि महासभा में जो भी राशि है, विधवा सहायता की है, मेरा भी दायित्व है कि समाज के धन का अपव्यय नहीं होवे। चुनाव के लिए बजट का भी कोई प्रस्ताव पूर्व में कार्यकारिणी से पारित नहीं करवाया गया। यदि चुनाव के लिए फण्ड एकत्रित किया जाता तो मुझे देने में कोई आपत्ति नहीं थी।

**महामंत्री**- अर्थमंत्री द्वारा बताया गया कि मुझसे चुनाव

# श्रीकृष्ण और जैन धर्म

श्रीकृष्ण और जैनियों के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ चचेरे भाई थे। श्रीकृष्ण के पिता वसुदेव और नेमिनाथ के पिता समुद्र विजय भाई थे। जैन शास्त्रों में श्रीकृष्ण को अतिविशिष्ट पुरुष के रूप में चित्रित किया गया है।

जैन आगमों में 63 शलाका पुरुष माने गए हैं जिनमें 24 तीर्थंकर, 12 चक्रवर्ती, 9 बलदेव, 9 वासुदेव तथा 9 प्रति वासुदेव हैं।

नेमिनाथ (अरिष्ट नेमि) 22वें तीर्थंकर तथा श्रीकृष्ण नौवें अंतिम वासुदेव हैं। शलाका पुरुष अत्यंत तेजस्वी, वर्चस्वी, कांतिमय, अल्पभाषी, प्रियभाषी, सत्यभाषी, सर्वांग सुंदर, ओजस्वी, प्रियदर्शी, गंभीर, अपराजेय आदि गुणों से संपन्न होते हैं। जैन पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण भावी तीर्थंकर हैं। नेमिनाथ वैराग्य प्रकृति के थे। श्रीकृष्ण के प्रयास से ही नेमिनाथ का विवाह जूनागढ़ के राजा उग्रसेन की पुत्री राजमती से तय हुआ था, किन्तु जब बरात नगर सीमा पर पहुंची तो बाड़े में बंद पशुओं की चीत्कार से नेमिनाथ सिहर उठे। पशुओं को शायद अपने वध का अहसास हो गया है, इसलिए चीत्कार कर रहे हैं। यह जानकर नेमिनाथ को वैराग्य हो गया। उन्होंने अपने आभूषण उतार कर सारथी को दे दिए और कैवल्य पथ पर चल दिए। श्रीकृष्ण भी उन्हें समझाने में सफल नहीं हो सके। नेमिनाथ ने जिस स्थान पर दीक्षा ग्रहण की थी, उसी स्थान पर उन्हें कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई। श्रीकृष्ण ने जब यह समाचार सुना, तो वे अपने परिजनों एवं सहस्त्रों राजाओं के साथ हाथी पर बैठ कर नेमिनाथ का दर्शन करने गए।

नेमिनाथ ने श्रीकृष्ण को निवृत्ति मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। नेमिनाथ के पास मयूर पिच्छी थी, जो अहिंसा के लिए जैन मुनि का अनिवार्य साधन होती है। उस पिच्छी से नेमिनाथ ने श्रीकृष्ण को जो आशीर्वाद दिया, वह श्रीकृष्ण को इतना प्रिय लगा कि उन्होंने मुकुट में मोर पंख धारण करना शुरू कर दिया। श्रीकृष्ण नेमिनाथ को आराध्य के रूप में स्वीकारते हैं। गीता में हिंसात्मक यज्ञ आदि का निषेध है तथा समन्वय की प्रधानता है। इधर, अहिंसा जैन धर्म का सबसे बड़ा सिद्धांत है।

नेमिनाथ और श्रीकृष्ण के विचार बहुत कुछ मिलते-जुलते हैं। यह दोनों महापुरुषों के घनिष्ठ संबंध का प्रबल प्रमाण है। महापुरुष किसी संप्रदाय विशेष की धरोहर नहीं होते। उनका व्यक्तित्व तो सूर्य-चंद्रमा की भांति सार्वभौमिक होता है। उन्हें किसी परिधि में सीमित करना उचित नहीं।

आज के दिन श्रीकृष्ण नारायण का जन्म हुआ था। ये नेमिनाथ भगवन के चचेरे भाई थे और नेमिनाथ भगवान के वैराग्य में श्रीकृष्ण ने प्रमुख भूमिका निभायी। दीपायन मुनि के क्रोध के कारण इनका प्रमुख नगर द्वारका अग्नि में स्वाहा हो गया और जंगल में पैर के तलवे में तीर लगने के कारण इनकी मृत्यु हुई।

मृत्यु पूर्व इन्होंने सोलह कारण भावनाओं को भा लिया था जिससे इनके तिर्थंकर पदवी का बंध हुआ। कालान्तर में श्रीकृष्ण जी भगवान महावीर की ही तरह मोक्ष को प्राप्त करेंगे ऐसे भव्य आत्मा को लोक में अभी से कई लोग भगवान मानकर पूजा भी करते हैं।

नेमिनाथ भगवान एवम् श्रीकृष्ण के काल में जन्मे कुछ महापुरुष जो इतिहास में काफी प्रसिद्ध हुए, उनकी वर्तमान स्थिति नेमिनाथ भगवन- मोक्ष, युधिष्ठिर मोक्ष, भीम मोक्ष, अर्जुन मोक्ष, बलराम स्वर्ग, प्रद्युम्न मोक्ष, नकुल स्वर्ग, सहदेव स्वर्ग।

*(पिछले पृष्ठ का शेष)* **कार्यवाही विवरण.....**

के स्थान एवं तिथि के बारे में बात नहीं की गई। मैं आपको बताना चाहता हूं कि विगत बैठक में कार्यकारिणी द्वारा चुनाव की तिथी एवं स्थान तय करने का दायित्व मुझे दे दिया गया था, फिर मेरे पूछने की कहां आवश्यकता रह गई तथा मेरे द्वारा अध्यक्ष महोदय से स्वीकृति प्राप्त कर ली गई थी। मैं सदन से आग्रह करना चाहूंगा कि चुनाव के लिए वित्त व्यवस्था हेतु आज ही प्रस्ताव पारित कर लिया जावे ताकि बाद में कोई आपत्ति नहीं रहे।

बाद विचार-विमर्श निर्णय हुआ कि चुनाव हेतु रु.15 लाख का बजट पारित किया गया। जिसके लिये दानदाताओं से राशि एकत्रित की जावेगी तथा रु. 3 लाख की व्यवस्था अर्थमंत्री द्वारा अभी कर दी जावेगी। जिससे चुनाव संबंधी सभी व्यवस्थायें सुचारू रूप से चल सकें।

**महामंत्री**- समय बहुत हो चुका है तथा भोजन भी तैयार है अत: अन्य विषय रखा जाने पर समय और लगेगा अत: अध्यक्ष महोदय को मीटिंग समाप्ति की घोषणा हेतु निवेदन किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा ग्वालियर शाखा एवं सभी कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए मीटिंग समाप्ति की घोषणा कर दी गई।

रजि. सं. 237/69-70

स्थापित 1968

# अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा

*महामंत्री कार्यालय : 301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन, इन्दौर ( म.प्र. )-452001*

**मोबा.: 9425110204, E-mail : jainrajeevratan@gmail.com**

## त्रिवार्षिक अधिवेशन, प्रतिनिधि सम्मेलन एवं कार्यकारिणी चुनाव
## दिनांक 17-18 सितम्बर 2022

मान्यवर, सादर जयजिनेन्द्र !

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का त्रिवार्षिक अधिवेशन तथा आगामी 3 वर्ष के लिए नये पदाधिकारियों (अध्यक्ष, महामंत्री, अर्थमंत्री) एवं कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन भी संपन्न होगा। समाज के सभी सम्मानित सदस्यों, महासभा के आजीवन सदस्यों एवं शाखाओं के प्रतिनिधियों से निवेदन है कि अधिवेशन में पधार कर सम्मेलन को सफल बनावें तथा महासभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय सदस्यों के निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर आगामी कार्यकारिणी का निर्वाचन करें।

**प्रतिनिधि सम्मेलन - दिनांक 17 सितम्बर 2022**
**स्थल : शांतिसागर सभागृह, जम्बूद्वीप हस्तिनापुर (मेरठ)**

| | | |
|---|---|---|
| ध्वजारोहण | : | दोपहर 02:30 बजे<br>श्री विमलचंदजी जैन रेता वाले फिरोजाबाद द्वारा |
| चित्र अनावरण | : | श्री गौरव जैन, ग्वालियर (शाखा मंत्री) द्वारा |
| दीप प्रज्ज्वलन | : | श्री ओमप्रकाश जैन (कोयले वाले) ग्वालियर द्वारा |
| अधिवेशन प्रतिनिधि सम्मेलन | : | दोपहर 03:00 से |
| भोजन | : | सायंकाल सूर्यास्त पूर्व |

**मतदान कार्यक्रम - दिनांक 18 सितम्बर 2022**
**मतदान स्थल : तीर्थक्षेत्र जम्बूद्वीप, हस्तिनापुर (जिला मेरठ) उ.प्र.**

| | | |
|---|---|---|
| मतदान का समय | : | प्रात: 08 बजे से सायं 05 बजे तक |
| मतगणना समय | : | सायं 06:30 बजे |
| परिणाम | : | मतगणना समाप्ति उपरांत |
| नाश्ता | : | सुबह 09:00 बजे से 11 बजे तक |
| भोजन | : | दोपहर 12 बजे से सायंकाल सूर्यास्त पूर्व |

मतदान एवं निर्वाचन संबंधी समस्त जानकारियों के लिए निर्वाचन अधिकारी डॉ. अनुपम जैन, डी-14, सुदामा नगर, इन्दौर मो.: 9425053822, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुरेश जैन (पूर्व कुलसचिव) मो.: 94253 79097 से संपर्क करें।

***आवश्यक सूचना :-***

1. मतदाताओं को मतदान से पूर्व फोटो परिचय पत्र दिखाना आवश्यक होगा। फोटो परिचय पत्र महासभा द्वारा जारी किया गया या भारत सरकार के निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र या पैन कार्ड, ड्रायविंग लायसेन्स, आधार कार्ड आदि ही मान्य होंगे।
2. चुनाव संबंधी विवादों का निस्तारण धारा 63 के अनुसार निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
3. मतदाता सूची महामंत्री कार्यालय अथवा सहमंत्री से निर्धारित शुल्क 200/- देकर प्राप्त की जा सकती है।
4. चुनाव संबंधित सभी सूचनाएं महासभा की वेबसाइट www.palliwaljain.com पर उपलब्ध हैं।

-- *निवेदक* --

| | | |
|---|---|---|
| **आर.सी. जैन (IAS)** | **राजीवरतन जैन** | **अजित जैन** |
| *अध्यक्ष* | *महामंत्री* | *अर्थमंत्री* |

एवं पदाधिकारीगण व कार्यकारिणी के समस्त सदस्यगण, अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा

# षष्ठम् पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि



जन्म :
9 दिसम्बर 1936

स्वर्गवास :
9 सितम्बर 2016

## स्व. श्री स्वरूप चन्द्र जी जैन

*( अटारी वाले )*

*हम सभी परिवार के सदस्यों की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि।*
*आपका कर्मठ व्यक्तित्व सदा हमारी प्रेरणा बना रहे।*

*श्रद्धावनत*


**धर्मपत्नी :** शीला जैन
**पुत्र-पुत्रवधु :** डॉ. अनिल-डॉ. शैली जैन

**पुत्री-दामाद :**
प्रतिभा-श्रीमोहन
ज्योत्सना-निर्मल
साधना-अनुपम

**पौत्र, पौत्री :**
अक्षत, आरूषि
समकित, सोनल

**निवास :**
सी-1/28, पोकेट-4, केन्द्रीय विहार, सेक्टर 82, नोयडा (यू.पी.)

# भावभीनी श्रद्धांजलि



**स्व. श्री महावीर प्रसाद जी जैन**
*(सुपुत्र स्व. श्री हरीशचन्द्र जी जैन)*
*(पुण्यतिथि : 21.5.2017)*



**स्व. ई. श्री मोहित कुमार जी जैन**
*(सुपुत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद जी जैन)*
*(पुण्यतिथि : 9.8.2018)*

*हम आपको सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए*
*भगवान वीर से आपकी चिर आत्मीय शांति की प्रार्थना करते हैं।*

## श्रद्धावनत

श्रीमती मिथलेश जैन
*( धर्मपत्नी )*
डॉ. मेघा जैन-डॉ. पीयूष जैन
*( पुत्री-दामाद )*

श्रीमती मिथलेश जैन
*( माँ )*
डॉ. मेघा जैन-डॉ. पीयूष जैन
*( बहन-बहनोई )*

## मोहित कुमार जैन ट्रस्ट (पंजि.)

ए/165, पालम एक्सटेंशन, सेक्टर 7, द्वारका, नई दिल्ली-110077
दूरभाष : 9599660709, 9599230509

# द्वितीय पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



## स्व. श्री केशरी नन्दन जी जैन

*( पुत्र स्व. श्री बी.एल. जैन )*

**( जन्म तिथि : 10.01.1933 )** **( पुण्य तिथि : 26.09.2020 )**

*हम सभी परिवारजन आपके उच्च विचारों व आदर्शों को अपने जीवन में उतारने को सदैव प्रयासरत हैं तथा आपको सदैव श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं।*

*श्रद्धावनत*

*पुत्र-पुत्रवधु :*
दीपक जैन-विनिता जैन
आलोक जैन *(एडवोकेट)*-पूनम जैन

*पौत्र-पौत्रवधु :*
इंजि. पलाश जैन-आकांक्षा जैन

*पौत्रगण :*
दीक्षान्त जैन *(एडवोकेट)*
नमन जैन *(एडवोकेट)*
यश जैन

*निवास :*
*14, गंगा पथ, सूरज नगर ( पश्चिम ), सिविल लाइन्स, जयपुर*
*मोबाइल नं.: 8824222282, 9828115123*

# प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



## स्व. श्रीमती जावत्री देवी जी जैन

*( धर्मपत्नी श्री किशन चन्द जैन )*

( स्वर्गवास : 03.09.2021 )

*छाया मिले आपकी हरदम, सिर पर आपका हाथ हो।*
*जीवन के हर मोड़ पर सदा आपका आशीर्वाद हो।*

**श्रद्धावनत**

*पति :* **किशन चन्द जैन (पैट्रोल पम्प वाले)**
**लक्ष्मणगढ़ राजगढ़**

*पौत्र, पौत्री :*
रिषभ, आदित्य, अभिषेक,
हर्षित, पूरव, अक्षत, अर्पित,
वैशाली, रियांशी, फैयरी

*प्रतिष्ठान :*
**मै. प्रेमचन्द किशनचन्द जैन**
**मै. आदिनाथ मोटर्स**
**मै. आदिनाथ आयशर**
**मै. आदिनाथ डिस्ट्रीब्यूटर**

*पुत्र-पुत्रवधु :*
संजय जैन-सुधा
दिलीप जैन-बबीता
प्रदीप जैन-शिखा
कुलदीप जैन-प्रीति
*जेठ :*
प्रकाश चन्द, प्रेमचन्द
*भतीजे :*
सुरेन्द्र, राजेन्द्र,
लोकेश, मनोज

*पुत्री-दामाद :*
रजनी-कैलाश चन्द जैन
*नवासा :* दिपेश
*नवासी-दामाद :*
अंकिता-तुषार जैन
*पीहर पक्ष :*
किशन चन्द
नरेन्द्र कुमार
धीरज कुमार

**निवास** **लाल डिग्गी का चौराया, अलवर, मो.: 9414293193**
**2/542, काला कुआं, अलवर, मो.: 9414427593**

# शून्य की खोज हेतु अन्तर्राष्ट्रीय दल का गठन

शून्य का आविष्कार भारत में हुआ था किन्तु भारत में किसने एवं कब किया? यह अनुसंधान का विषय है। Zero Origin India-Netherland नामक गैर सरकारी संगठन ने 2021 में Online सेमिनारों की श्रंखला के बाद इसकी आख्या का अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप, प्रकाशन का निर्णय किया है। इसमें 'Zero in Jain Literature' शीर्षक आलेख डॉ. अनुपम जैन का है। निम्न 2 विद्वान इसके संस्करणों के सम्पादन का कार्य देख रहे हैं।

Dr. Robert Lawrence Kuhn (Academic Edition)

Dr. Peter Getzels (Popular Edition)

प्राप्त विभिन्न आलेखों के परीक्षण के उपरान्त इन सभी में उल्लिखित तथ्यों को समाहित करते हुए एक joint paper तैयार करने का दायित्व निम्नांकित विद्वानों की समिति को दिया गया है।


1. Prof. Jeff Oaks (Arabic world)
2. Prof. Friedhelm Hoffman (Egypt)
3. Prof. Jim Ritter (Mesopotamia)
4. Prof. Anupam Jain (Lain Literature)
5. Prof. Avinash Sathaye (India)
6. Dr. Marina Ville (Europe)

समिति अपने joint paper को अंतिम रूप प्रदान करेंगी। एतदर्थ विचार विमर्श गतिमान है।

जैन समुदाय के लिए यह गौरव की बात है। उसके प्रतिनिधि को इस मिशन में सम्मिलित कर जैनाचार्यों के अवदान को यथेष्ट महत्त्व दिया है।

*-कु. तनिष्का जैन*

## बधाई



**शुभ जैन** पुत्र श्री राजेश जैन गुडगांव, सुपौत्र श्री पदम चन्द जैन (बैंक वाले), ग्वालियर ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सैकण्डरी परीक्षा 97.4% अंक के साथ उत्तीर्ण कर पल्लीवाल जैन समाज का नाम रोशन किया।

# ब्राह्मण बड़ा या संत

पूर्व समय की बात है एक बार ब्राह्मण और संत में बहस हो गई, संत बोले- हम श्रेष्ठ हैं और ब्राह्मण बोले- हम श्रेष्ठ हैं। संत बोले कि प्रभु की प्राप्ति के लिए हम अपने जन्मदाता माता-पिता का त्याग करते हैं साथ ही इस संसार के सभी संबंधों का त्याग करके प्रभु से नाता जोड़ते हैं इसलिए हम श्रेष्ठ हैं। ब्राह्मण बोले- हम अपना संपूर्ण जीवन समाज के लोगों के जीवन के दुख दूर करने तथा धर्म, राष्ट्र, संस्कृति के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन व्यतीत करते हैं इसलिए हम श्रेष्ठ हैं।

विवाद बढ़ते-बढ़ते इतना बढ़ गया कि संत तथा ब्राह्मण ब्रह्माजी के पास पहुंचे। दोनों ने ब्रह्माजी को प्रणाम किया। ब्रह्माजी ने प्रसन्नचित्त से संतो तथा ब्राह्मणों से आगमन का कारण पूछा। संत बोले- प्रभु हम दोनों आप ही की संतान हैं, परंतु हम दोनों में से श्रेष्ठ कौन है यह जानने की जिज्ञासा है।

ब्रह्माजी ने कहा- संत तथा ब्राह्मणों की महिमा तो वेदों ने भी गायी है। 'संत हृदय नवनीत समाना', अर्थात संतों का हृदय तो मक्खन की तरह होता है। 'संत दरस जिमि पातक टरहिं' अर्थात यदि आपको परिपूर्ण आचरण वाले संत के दर्शन प्राप्त होते हैं तो जीवन के सभी दुख दूर होते हैं। परंतु संत तथा ब्राह्मण में श्रेष्ठ कौन है इसके लिए केवल यही कहूंगा कि ब्राह्मण को केवल हम बना कर भेजते हैं, परंतु संत को बनाने वाला ब्राह्मण ही होता है। जब ब्राह्मण सन्यास का संकल्प बोलते हैं तभी एक आम व्यक्ति संत का चोला धारण करता है। तीनों वर्णों में जन्मा व्यक्ति संत तो बन सकता है परंतु ब्राह्मण कदापि नहीं बन सकता। साथ ही एक बात और कहना चाहूंगा, ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के लिए श्रेष्ठ कर्म करने पड़ते हैं, तभी व्यक्ति को ब्राह्मण कुल में जन्म मिलता है। प्रमाण मिलता है कि विश्वामित्र का जन्म क्षत्रिय कुल में हुआ था अपना संपूर्ण जीवन व्यतीत करने पर भी वह ब्राह्मण नहीं बन पाए परंतु अपने श्रेष्ठ कर्मों के अनुसार वह ब्रह्मर्षि बनने में सफल रहे परंतु ब्राह्मण नहीं।

संत तथा ब्राह्मणों में श्रेष्ठ ब्राह्मण ही है, जिनको परमात्मा ही बना कर भेजते हैं। संत तो कोई भी बन सकता है। संपूर्ण पृथ्वी पर ब्राह्मण से श्रेष्ठ केवल ब्राह्मण संत ही है।

बाबा तुलसीदास जी ने भी लिखा है-

*सुजन समाज सकल गुण खानी।*
*करऊं प्रणाम सप्रेम सुवानी॥*

सब गुणों की खान संत समाज को प्रेम सहित सुंदर वाणी से प्रणाम करता हूं।

## महिला मंडल शाखा ग्वालियर



अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महिला मंडल शाखा ग्वालियर ने दिनाँक 6 अगस्त 2022 को मोहना स्थित चूना खो के बागों में हरियाली उत्सव मनाया। बस द्वारा सुबह 8.30 बजे करीब 40 महिलाएं चूना खो के लिए रवाना हुईं। बस को हरी झंडी श्री चंद्र कुमार जी जैन एम पी ई बी द्वारा दिखाई गई। लगभग 10.00 बजे बस मोहना पहुंची। वहां पर सभी ने गरमा-गरम चाय के साथ नाश्ते का लुत्फ उठाया। उसके बाद चूना खो पहुंच कर सभी ने गेम्स, झूला, अंत्याक्षरी, हॉउजी के साथ खूब मनोरंजन किया।

सभी महिलाओं को हरी चूड़ियां एवं मेंहदी की कोन वितरित की गई। सभी ने एक दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर फ्रेंडशिप डे भी सेलेब्रेट किया। लंच में दाल बाटी चूरमा का सभी ने आनंद लिया।

वापसी में घाटीगांव जैन मंदिर के दर्शन का भी लाभ लिया। मंडल की ही सदस्या सरला जैन एवं मिथलेश जैन द्वारा अपने घर घाटीगांव में सभी का नारियल एवं माला से सम्मान किया गया एवं स्वल्पाहार भी करवाया गया। मण्डल की अध्यक्षा रत्नप्रभा जैन एवं सचिव मीतू जैन की अथक मेहनत से यात्रा आनंदपूर्वक संपन्न हुई। चूनाखो में भोजन हेतु निम्न सदस्याओं द्वारा कुछ सहयोग राशि भी प्रदान की गई- 1. ममता जैन (एम पी नगर) कोषाध्यक्ष, 2. मिथलेश जैन (बैंक) पूर्व अध्यक्ष, 3. पुष्पा जैन( मुरार) यात्रा प्रभारी, 4. अनूप जैन कार्यकारिणी सदस्या, 5. सुनीता जैन (विनय नगर) कार्यकारिणी सदस्या।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा ग्वालियर के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी, सचिव श्री गौरव जी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राजकुमार जी जैन मोहना का भी अप्रत्यक्ष रूप से काफी सहयोग रहा। महिला प्रतिनिधि मध्य प्रदेश प्रान्त श्रीमती सुषमा जैन (कोचिंग) द्वारा हरियाली उत्सव के सफल भ्रमण पर बधाइयाँ प्रेषित की गई।

## ग्रामीण अंचल - शाखा आगरा



श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मिढाकुर (आगरा) में देवाधिदेव श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस व लाडू महोत्सव व शक्तिधारा सावन सुदी सप्तमी दिनांक 4.8.2022 दिन गुरुवार को पं. विशाल जैन (म.प्र.), विवेक जैन (आगरा) द्वारा कराई गई। जिसमें 51 महानुभावों की अलग-अलग प्रदेशों की ऑनलाइन सहभागिता शक्तिधारा करा कर धर्म लाभ प्राप्त किया। श्री पार्श्वनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव में बाहर से पधारे महानुभाव श्री राजीव रतन जी (इंदौर), श्री अगेन चंद जी, सुनील ठेकेदार जी, नितेश जैन, रूपचंद जी, राजेश जैन, हेमा जैन, अनिल जैन, अक्षय जैन, अरविंद जैन आगरा, संजीव जैन, कौशल जैन (मलपुरा), प्रदीप जैन (किरावली) एवं सभी जैन समाज मिढाकुर ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर सहभागिता के साथ लाडू महोत्सव धूमधाम से मनाया। सभी आगंतुकों का माला-दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। श्रीमान अगेनचंद जी संरक्षक (शाखा ग्रामीण अंचल) ने कहा लाडू महोत्सव कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा। इसी तरह श्री मंदिर जी में कार्यक्रम करते रहा करो। अंत में श्री आदिनाथ जैन समिति मिढाकुर अध्यक्ष की ओर से सभी को धन्यवाद दिया।



1. **Sh. Himanshu Jain** S/o Sh. Ramesh Chand Jain, Rangbhario ki Gali, Saraf Bazar, Alwar *(CR 5338)*
2. **Smt. Rekha Jain** W/o Sh. Ramesh Chand Jain, Rangbhario ki Gali, Saraf Bazar, Alwar *(CR 5339)*
3. **Smt. Sunita Jain** W/o Sh. Shankar Lal Jain, House No. 72, Apnaghar Colony, Bahodapur, Gwalior *(CR 5342)*
4. **Sh. Rajat Jain** S/o Sh. Shankar Lal Jain, House No. 72, Apnaghar Colony, Bahodapur, Gwalior *(CR 5343)*
5. **Sh. Akash Jain** S/o Sh. Shankar Lal Jain, House No.72, Apnaghar Colony, Bahodapur, Gwalior *(CR 5344)*
6. **Smt. Rinki Jain** W/o Sh. Akash Jain, House No.72, Apnaghar Colony, Bahodapur, Gwalior *(CR 5345)*
7. **Smt. Priya Jain** W/o Sh. Tarun Jain, Saraswat Mohalla, Mindukar-Agra *(CR 5346)*
8. **Smt. Ankita Jain** W/o Sh. Mukul Jain, 5405-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5347)*
9. **Smt. Pooja Jain** W/o Sh. Gaurav Jain, A-181, Uttam Nagar, New Delhi-110059 *(CR 5348)*
10. **Smt. Nisha Jain** W/o Shri Naresh Kumar Jain, 5405-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5349)*
11. **Smt. Priti Jain** W/o Shri Vipul Jain, 5368-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5350)*
12. **Sh. Vijay Kumar Jain** S/o Shri Prakash Chand, 5368-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5351)*
13. **Sh. Vipul Jain** S/o Shri Viney Kumar Jain,5368-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5352)*
14. **Smt. Vandhana Jain** W/o Shri Viney Kumar Jain, 5368-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5353)*
15. **Sh. Neeraj Kumar Jain** S/o Shri Balkishan Jain, 5370-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5354)*
16. **Sh. Yash Jain** S/o Shri Tarun Jain, 5370-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5355)*
17. **Smt. Priyanka Jain** S/o Shri Vishal Jain, 5370-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5356)*
18. **Smt. Kalpana Jain** W/o Shri Dheeraj Jain, 5368-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5357)*
19. **Sh. Gaurav Jain** S/o Shri Mahaveer Pd. Jain, 5370-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5358)*
20. **Sh. Pramod Jain** S/o Shri Kailash Chand Jain, 5359-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5359)*
21. **Smt. Kalpana Jain** W/o Shri Parmod Jain, 5359-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5360)*
22. **Smt. Pratibha Jain** W/o Shri Virender Jain, 5368-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5361)*
23. **Sh. Prashant Jain** S/o Shri Virender Jain, 5368-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5362)*
24. **Smt. Sheweta Jain** W/o Shri Prashant Jain, 5368-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5363)*
25. **Sh. Shaswat Jain** S/o Shri Pankaj Jain, 5370-Laddughati, Pahar Ganj, New Delhi-110055 *(CR 5364)*
26. **Sh. Rajesh Jain** S/o Shri Prakash Chand, F.N. 001, Glaxy Appartment, New Friends Colony, Jaipur Road, Alwar *(CR 5366)*
27. **Sh. Dinesh Chand Jain,** 79-Bank Colony, Alwar *(CR 5367)*
28. **Smt. Beena Jain** W/o Sh. Dinesh Chand Jain, 79-Bank Colony, Alwar *(CR 5368)*
29. **Sh. Akhil Jain** S/o Sh. Dinesh Chand Jain, 79-Bank Colony, Alwar *(CR 5369)*
30. **Smt. Annupma Jain** W/o Sh. Akhil Jain, 79-Bank Colony, Alwar *(CR 5370)*
31. **Smt. Prabha Jain** W/o Sh. Sheetal Kumar Jain, Sec. 7/336 ADA, Bodla, Agra *(CR 5371)*
32. **Sh. Amit Jain** S/o Sh. Sheetal Kumar Jain, Sec. 7/336 ADA, Bodla, Agra *(CR 5372)*
33. **Smt. Pranshi Jain** W/o Sh. Amit Jain, Sec. 7/336 ADA, Bodla, Agra *(CR 5373)*
34. **5374-Sh. Vishal Jain** S/o Sh. Sheetal Kumar Jain, Sec. 7/336 ADA, Bodla, Agra *(CR 5374)*
35. **Sh. Alok Jain** S/o Sh. Mahaveer Prasad Jain, Sec-4B/340, ADA, Bodla, Agra *(CR 5375)*
36. **Smt. Vandna Jain** W/o Sh. Alok Jain, Sec-4B/340, ADA, Bodla, Agra *(CR 5376)*
37. **Sh. Girish Chand Jain** S/o Sh. Naveen Chand Jain, Sec-7/1320, ADA, Bodla, Agra *(CR 5377)*
38. **Smt. Gyan Kumari Jain** W/o Sh. Girish Chand Jain, Sec-7/1320, ADA, Bodla, Agra *(CR 5378)*
39. **Smt. Kunti Jain** W/o Sh. Om Prakash Jain, Sec-4/398, ADA, Bodla, Agra *(CR 5379)*
40. **Smt. Mamta Jain** W/o Sh. Virender Singh Jain, Sec-4/398, ADA, Bodla, Agra *(CR 5380)*
41. **Sh. Rakesh Jain** S/o Sh. Niroti Lal Jain, Sec-7/742, ADA, Bodla, Agra *(CR 5381)*
42. **Smt. Vijay Laxmi Jain** W/o Sh. Rakesh Jain, Sec-7/742, ADA, Bodla, Agra *(CR 5382)*
43. **Smt. Neha Jain** W/o Sh. Abhishek Jain, Sec-7/2239, ADA, Bodla, Agra *(CR 5383)*
44. **Smt. Pawan Kumari Jain** W/o Late Sh. Amar

Chand Jain, Sec-4A/264, ADA, Bodla, Agra *(CR 5384)*

45. **Sh. Parshant Kumar Jain** S/o Late Sh. Amar Chand Jain, Sec-4A/264, ADA, Bodla, Agra *(CR 5385)*
46. **Smt. Suruchi Jain** W/o Sh. Prashant Jain, Sec-4A/264, ADA, Bodla, Agra *(CR 5386)*
47. **Sh. Rakesh Kumar Jain** S/o Late Sh. Prem Chand Jain, Sec-5/316, ADA, Bodla, Agra *(CR 5387)*
48. **Smt. Sangeeta Jain** W/o Sh. Rakesh Kumar Jain, Sec-5/316, ADA, Bodla, Agra *(CR 5388)*
49. **Sh. Ashish Jain** S/o Late Sh. Shanti Prasad Jain, Flat No.136, 1st Floor, Sanskriti Appartment, Harish Nagar, Moja, Sikandara, Agra *(CR 5389)*
50. **Smt. Nancy Jain** W/o Sh. Ashish Jain,Flat No.136, 1st Floor, Sanskriti Appartment, Harish Nagar, Moja, Sikandara, Agra *(CR 5390)*
51. **Sh. Mahesh Chand Jain** S/o Sh. Sampat Jain, Sec-4B/259, ADA, Bodla, Agra *(CR 5391)*
52. **Sh. Saurabh Jain** S/o Sh. Mahesh Chand Jain, Sec-4B/259, ADA, Bodla, Agra *(CR 5392)*
53. **Smt. Vandana Jain** W/o Sh. Saurabh Jain, Sec-4B/259, ADA, Bodla, Agra *(CR 5393)*.
54. **Sh. Mukesh Chand Jain** S/o Late Sh. Shyam LalJain, Sec-4B/336, ADA, Bodla, Agra *(CR 5394)*
55. **Sh. Kushal Kumar Jain** S/o Sh. Mukesh Chand Jain, Sec-4B/336, ADA, Bodla, Agra *(CR 5395)*
56. **Sh. Ankush Jain** S/o Sh. Mukesh Chand Jain, Sec-4B/336, ADA, Bodla, Agra *(CR 5396)*
57. **Smt. Soma Manzi Jain** W/o Sh. Ankush Jain, Sec-4B/336, ADA, Bodla, Agra *(CR 5397)*
58. **Sh. Sandesh Kumar Jain** S/o Sh. Tara Chand Jain, Flat No. A-129, First Floor, Ashoka Enclave, Part-2, Sector 37, Faridabad *(CR 5194)*
59. **Smt. Nirmala Jain** W/o Sh. Sandesh Kumar Jain, Flat No. A-129, First Floor, Ashoka Enclave, Part-2, Sector 37, Faridabad *(CR 5193)*
60. **Sh. Sahil Jain** S/o Sh. Sandesh Kumar Jain, Flat No. A-129, First Floor, Ashoka Enclave, Part-2, Sector 37, Faridabad *(CR 5200)*
61. **Diksha Jain** D/o Sh. Sandesh Kumar Jain, Flat No. A-129, First Floor, Ashoka Enclave, Part-2, Sector 37, Faridabad *(CR 5198)*
62. **Sh. Pramod Kumar Jain** S/o Sh. Tara Chand Jain, Flat No. C-95, 1st Floor, Ashoka Enclave, Part-2, Sector 37, Faridabad *(CR 5197)*
63. **Smt. Sudha Jain** W/o Sh. Pramod Kumar Jain, Flat No. C-95, 1st Floor, Ashoka Enclave, Part-2, Sector 37, Faridabad *(CR 5196)*
64. **Sh. Shreyansh Jain** S/o Sh. Neeraj Jain, Flat No. C-12, 2nd Floor, Ashoka Enclave, Part-2, Sector 37, Faridabad *(CR 5195)*
64. **Smt. Shalini Jain** W/o Sh. Neeraj Jain, Flat No. C-12, 2nd Floor, Ashoka Enclave, Part-2, Sector 37, Faridabad *(CR 5199)*

## विधवा सहायता



**डॉ अनिल कुमार जी जैन एवं श्रीमती हेमलता जी जैन,** डी-197, मोती मार्ग, बापू नगर जयपुर ने पांच विधवा सहायता हेतु रु. 60,000/- महासभा के विधवा सहायता कोष में प्रदान की है।

इसी प्रकार **श्री रमेश चंद जी जैन पंकज जी जैन,** दिल्ली जैन पब्लिक स्कूल, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 द्वारा प्रति माह रु.11,000/- की सहयोग राशि विधवा सहायता कोष में दी जा रही है तथा इस वित्तीय वर्ष में अभी तक रु. 55,000/- प्रदान किए जा चुके हैं।

**अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा आप सभी के इस आत्मीय सहयोग के लिए सदैव आभारी रहेगी एवं बार-बार अनुमोदना करती है।**

## महासभा सहायता

★ **श्रीमती स्नेहलता जी जैन एवं श्री स्वरूप चन्द जी जैन** ने अपने सुपौत्र चि. अभियंक (सुपुत्र श्री राजेश जैन एवं स्व. श्रीमती मिथलेश जैन) संग सौ.कां. दिपीका (सुपुत्री श्रीमती सुमन देवी एवं स्व. श्री जगदीश चन्द जैन) के दिनांक 08.07.2022 को सम्पन्न शुभ विवाहोपलक्ष पर महसभा सहायता हेतु रु. 500/- भेंट किये। *(र.सं. 5402)*

★ **श्री टीकम चन्द जी जैन** (धनौली, आगरा वाले) हाल निवासी ए-48, वैशाली नगर, जयपुर ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला जैन के दिनांक 08 अगस्त 2022 को देवलोक गमन होने पर उनकी पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 1100/- भेंट किये। *(र.सं. 5401)*

कहानी

# अनुभव

रामधन नाम का एक पुराना व्यपारी था जो अपनी व्यापारी समझ के कारण दोनों हाथों से कमा रहा था। उसको कोई भी टक्कर नहीं दे सकता था। वो दूर-दूर से अनाज लाकर उसे शहर में बेचता था उसे बहुत सा लाभ होता था। वो अपनी इस कामयाबी से बहुत खुश था। इसलिये उसने सोचा व्यापार बढ़ाना चाहिये और उसने पड़ौसी राज्य में जाकर व्यापार करने की सोची।

दुसरे राज्य जाने के रास्ते का मानचित्र देखा गया, जिसमें साफ-साफ था कि रास्ते में एक बहुत बड़ा मरुस्थल है। खबरों के अनुसार उस स्थान पर कई लुटेरे भी हैं। लेकिन बूढ़ा व्यापारी कई सपने देख चुका था। उस पर दूसरे राज्य में जाकर धन कमाने की इच्छा प्रबल थी। उसने अपने कई किसान साथियों को लेकर प्रस्थान करने की ठान ली। बैलगाड़ियाँ तैयार की और उस पर अनाज लादा। इतना सारा माल था जैसे कोई राजा की शाही सवारी हो।

बूढ़े रामधन की टोली में कई लोग थे जिसमें जवान युवक भी थे और वृद्ध अनुभवी लोग, जो बरसों से रामधन के साथ काम कर रहे थे। नवनीत जवानों के अनुसार अगर इस टोली का नेतृत्व कोई नवयुवक करता तो अच्छा होता क्योंकि यह वृद्ध रामधन तो धीरे-धीरे जायेगा और पता नहीं उस मरुस्थल में क्या-क्या देखना पड़ेगा।

तब कुछ नौजवानों ने मिलकर अपनी अलग टोली बना ली और स्वयं का माल ले जाकर दूसरे राज्य में जाकर व्यापार करने की ठानी। रामधन को उसके चहेते लोगों ने इस बात की सूचना दी। तब रामधन ने कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं दिखाई उसने कहा- भाई सबको अपना फैसला लेने का हक़ है। अगर वो मेरे इस काम को छोड़ अपना शुरू करना चाहते हैं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं हैं और भी जो उनके साथ जाना चाहता हो जा सकता है।

अब दो अलग-अलग व्यापारियों की टोली बन चुकी थी, जिसमें एक का नेतृत्व वृद्ध रामधन कर रहे थे और दूसरे का नेतृत्व नवयुवक गणपत कर रहे थे। दोनों की टोली में वृद्ध एवं नौजवान दोनों सवार थे।

सफ़र शुरू हुआ। रामधन और गणपत अपनी-अपनी टोली लेकर चल पड़े। थोड़ी दूर सब साथ-साथ ही चल रहे थे कि जवानों की टोली तेजी से आगे निकल पड़ी और रामधन और उनके साथी पीछे रह गये। रामधन की टोली के नौजवान इस धीमी गति से बिलकुल खुश नहीं थे और बार-बार रामधन को कौस रहे थे, कहते कि वो नौजवानो की टोली तो कब की नगर की सीमा लाँघ चुकी होगी और कुछ ही दिनों में मरुस्थल भी पार कर लेगी और हम सभी इस बूढ़े के कारण भूखे मर जायेंगे।

धीरे-धीरे रामधन की टोली नगर की सीमा पार करके मरुस्थल के समीप पहुँच जाती है। तब रामधन सभी से कहते हैं यह मरुस्थल बहुत लंबा है और इसमें दूर-दूर तक पानी की एक बूंद भी नहीं मिलेगी, इसलिये जितना हो सके पानी भर लो और सबसे अहम्, यह मरुस्थल लुटेरे और डाकुओं से भरा हुआ है इसलिये हमें यहाँ का सफ़र बिना रुके करना होगा। साथ ही हर समय चौकन्ना रहना होगा।

उन्हें मरुस्थल के पहले तक बहुत से पानी के गड्ढे मिल जाते हैं जिससे वे बहुत सारा पानी संग्रह कर लेते हैं। तब उनमें से एक पूछता है कि इस रास्ते में पहले से ही इतने पानी के गड्ढे हैं, हमें एक भी गड्ढा तैयार नहीं करना पड़ा। तब रामधन मूंछो पर ताव देकर बोलते हैं इसलिए तो मैंने नौजवानों की उस टोली को आगे जाने दिया। यह सभी उन लोगों ने खुद के लिए तैयार किया होगा जिसका लाभ हम सभी को मिल रहा है। यह सुनकर कर टोली के विरोधी साथी खिजवा जाते हैं। और अन्य, रामधन के अनुभव की प्रशंसा करने लगते हैं। सभी रामधन के कहे अनुसार बंदोबस्त करके और आराम करके आगे बढ़ते हैं।

आगे बढ़ते हुए रामधन सभी को आगाह कर देता है कि अब हम सभी मरुस्थल में प्रवेश करने वाले हैं। जहाँ ना तो पानी मिलेगा, ना खाने को फल और ना ही ठहरने का स्थान और यह बहुत लम्बा भी है। हमें कई दिन भी लग सकते हैं। सभी रामधन की बात में हामी मिलाते हुए उसके पीछे हो लेते हैं।

अब वे सभी मरुस्थल में प्रवेश कर चुके थे। जहाँ बहुत ज्यादा गर्मी थी जैसे अलाव लिये चल रहे हो।आगे चलते-चलते उन्हें सामने से कुछ लोग आते दिखाई देते हैं। वे सभी रामधन को प्रणाम करते हैं और हाल चाल पूछते हैं। उन में से एक कहता हैं आप सभी व्यापारी लगते हो, काफी दूर से चले आ रहे हो, अगर कोई सेवा का अवसर देंगे तो हम सभी तत्पर हैं। उसकी बाते सुन रामधन हाथ जोड़कर कह देता है कि भाई हम सभी भले चंगे हैं, तुम्हारा धन्यवाद जो तुम सभी ने इतना सोचा। और वे अपने साथियों को लेकर आगे बढ़ जाते हैं। आगे बढ़ते ही टोली के कुछ नवयुवक फिर से रामधन को कौसने लगते हैं कि जब वे लोग हमारी सहायता कर रहे हैं तो इस वृद्ध रामधन को क्या परेशानी हैं ?

कुछ दूर चलने के बाद फिर से कुछ लोग सामने से आते दिखाई देते हैं जिनके वस्त्र गीले थे और वे रामधन और उसके साथियों को कहते हैं कि आप सभी राहगीर लगते हो और इस मरुस्थल के सफर से थके लग रहे हो। अगर आप चाहो तो हम आपको पास के एक जंगल में ले चलते हैं। जहाँ बहुत पानी और खाने को फल हैं। साथ ही अभी वहाँ पर तेज बारिश भी हो रही हैं। उसी में हम सभी भीग गये थे। अगर आप सभी चाहे तो अपना सारा पानी फेक कर जंगल से नया पानी भर ले और पेट भर खाकर आराम कर ले। लेकिन रामधन साफ़ ना बोल कर अपने साथियों से जल्दी चलने को कह देते हैं।

अब टोली के कई नौजवानो को रामधन पर बहुत गुस्सा आता हैं और वे उसके समीप आकर अपना सारा गुस्सा निकाल देते हैं और पूछते हैं कि क्यूँ वे उन भले लोगो की बात नहीं सुन रहे और क्यूँ हम सभी पर जुल्म कर रहे हैं। तब रामधन मुस्कुराते हुए कहते हैं कि वे सभी लुटेरे हैं और हमसे अपना पानी फिकवा कर हमें निसहाय करके लुट लेना चाहते हैं और हमें यही मरने छोड़ देना चाहते हैं। तब वे नवयुवक गुस्से में दांत पिसते हुये कहते हैं कि सेठ जी तुम्हे ऐसा क्यूँ लगता हैं? तब रामधन कहते हैं कि तुम खुद देखो, इस मरुस्थल में कितनी गर्मी है, क्या यहाँ आस-पास कोई जंगल हो भी सकता है, यहाँ की भूमि इतनी सूखी है कि दूर-दूर तक बारिश ना होने का संकेत देती है। यहाँ एक परिंदे का घौसला तक नहीं तो फल-फूल कैसे हो सकते हैं। और जरा निगाह उठाकर ऊपर देखो दूर-दूर तक कोई बारिश के बादल नहीं हैं, ना ही हवा में बारिश की ठंडक हैं, ना ही गीली मिटटी की खुशबु, तो कैसे उन लोगों की बातों पर यकीन किया जा सकता है? मेरी बात मानो कुछ भी हो जाये अपना पानी मत फेंकना और ना ही कहीं भी रुकना।

कुछ देर आगे चलने के बाद उन्हें रास्ते में कई नरकंकाल और टूटी-फूटी बैलगाड़ी मिलती हैं। वे सभी कंकाल गणपत की टोली के लोगों के थे। उनमें से एक भी नहीं बचा था। उनकी ऐसी दशा देख सभी रोने लगते हैं क्यूंकि वे सभी उन्हीं के साथी थे। तब रामधन कहते हैं कि जरुर इन लोगों ने तुम्हारे जैसे ही इन लुटेरों को अपना साथी समझा होगा और इसका परिणाम यह हुआ, आज उन्हें अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा। रामधन सभी को ढाढस बंधाते हुये कहते हैं हम सभी को भी यहाँ से जल्दी निकलना होगा क्यूंकि वे सभी लुटेरे अभी भी हमारे पीछे हैं। प्रार्थना करो कि हम सभी सही सलामत यहाँ से निकल जाये।

***शिक्षा :*** कहते हैं कि अनुभव उम्र बीतने और जीवन जीने के बाद ही मिलता हैं। अनुभव कभी भी पूर्वजों की जागीर में नहीं मिलता। जैसे इस कहानी में नौजवानों में जोश तो बहुत था लेकिन अनुभव नहीं था, जोकि रामधन के पास था जिसका उसने सही समय पर इस्तेमाल किया और विपत्ति से सभी को निकाल कर ले गया। शिक्षा यही है कि किसी काम को करने के लिये जोश के साथ अनुभव होना भी अत्यंत आवश्यक है।

# सुख का आधार भोग नहीं - 'त्याग'

